तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **सोहल लाल पंवार बनाम** **लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार लूणी)** सू.अ.अपील संख्या 96/2024	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
23–08–24	अपीलार्थी सोहल लाल पंवार निवासी 42, दर्जियो का बास, धींगाणा, तहसील लूणी, जोधपुर ग्रामीण ने सूचना का अधिकार के तहत उसके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 12/05/2024 में कार्यालय पत्रांक 2023/485 दिनांक 04.10.2023 से संबंधित सूचना एवं अन्य बिन्दुओं से संबधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार लूणी) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार लूणी) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार लूणी) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथां लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार लूणी) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रतिं संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर–ग्रामीण जिला कलक्टर, जोधपुर (ग्रामीण) राज.	